जासो रोड की बदहाली का मुद्दा विधानसभा अध्यक्ष के सामने उठा

भाजपा और चंद्रवंशी महासभा के प्रतिनिधियों ने डॉ. प्रेम कुमार का किया स्वागत



बक्सर (आससे)। अयोध्या जाने के क्रम में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार गुरुवार को बक्सर पहुंचे। यहां जिला अतिथि गृह में भाजपा कार्यकर्ताओं और अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाईं और अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। मुलाकात के दौरान जासो रोड की जर्जर स्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठा। कार्यकर्ताओं ने डॉ. प्रेम कुमार को सड़क की बदहाली से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सड़क की खराब स्थिति से लोगों को परेशानी हो रही है। कार्यकर्ताओं ने सड़क की मरम्मत कराने और समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की।

डॉ. प्रेम कुमार ने कार्यकर्ताओं की बातों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित समस्या के निराकरण के लिए आवश्यक पहल कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान क्षेत्र की अन्य समस्याओं और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। मौके पर रमेश गुप्ता, संतोष ओझा, आदित्य चौधरी, भूटेली तिवारी, दिलीप चंद्रवंशी, जवाहर तुरहा, सुबोध जायसवाल, बबलू सिंह, रामराज शर्मा, परमहंस राम, दीपक चंद्रवंशी, प्रदीप, मनोज और सोनू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

फसल क्षति का मुआवजा देने में पोर्टल बना बाधा

किसानों की परेशानी पर सांसद ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



बक्सर (आससे)। सितंबर में अतिवृष्टि, बाढ़ और ओलावृष्टि से फसल क्षति झेलने वाले किसानों की परेशानी को लेकर स्थानीय सांसद सुधाकर सिंह ने आवाज उठाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर कृषि इनपुट अनुदान के ऑनलाइन आवेदन में आ रही तकनीकी समस्याओं को दूर करने की मांग की है। साथ ही आवेदन की समय-सीमा बढ़ाने और ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति दर्ज करने का विकल्प उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। सांसद ने पत्र में कहा है कि सितंबर 2026 में अतिवृष्टि और नदियों का जलस्तर बढ़ने से बिहार के कई जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई। वहीं, ओलावृष्टि से भी किसानों की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा। इससे बड़ी संख्या में किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। राज्य सरकार ने प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। लेकिन, सांसद के अनुसार आवेदन पोर्टल ठीक से काम नहीं कर रहा है। इससे किसानों को आवेदन भरने और जमा करने में कठिनाइयां हो रही हैं। दूसरी ओर, आवेदन के लिए निर्धारित सात दिनों की समय-सीमा भी कम है। सांसद ने पत्र में एक और गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाया है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति दर्ज करने का स्पष्ट विकल्प उपलब्ध नहीं है। ऐसे में प्रभावित किसान अपनी क्षति का सही विवरण नहीं दे पा रहे हैं। इससे उनके अनुदान के लाभ से वंचित होने की आशंका है। सुधाकर सिंह ने मुख्यमंत्री से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। उन्होंने संबंधित विभाग को पोर्टल की तकनीकी खामियां दूर करने का निर्देश देने की मांग की है। साथ ही आवेदन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने पर जोर दिया है। सांसद ने कहा है कि ओलावृष्टि से हुई क्षति दर्ज करने का विकल्प जोड़ा जाए और आवेदन की समय-सीमा बढ़ाई जाए। इससे प्राकृतिक आपदा से प्रभावित पात्र किसानों को लाभ मिल सकेगा।

बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के लिए मतदान के दिन मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निर्वाचकों को विशेष आकस्मिक अवकाश देने से संबंधित अत्यावश्यक सूचना

सभी संबंधित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं पटना शिक्षक, तिरहुत स्नातक एवं तिरहुत शिक्षक, दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक, कोसी स्नातक तथा सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 के अवसर पर मतदान दिनांक 23.10.2026 (शुक्रवार) को निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 322/AP-LC/2010-CC&BE/720 दिनांक 23.12.2010 के आलोक में मतदान की तिथि 23.10.2026 (शुक्रवार) को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचकों को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश देय है।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014020 (Election) 2026-27

(अशोक प्रियदर्शी)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

विजयादशमी महोत्सव में हुआ जालंधर वध का भावपूर्ण मंचन



बक्सर (आससे)। ऐतिहासिक किला मैदान में चल रहे 20 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव में गुरुवार को कृष्णलीला के दौरान जालंधर वध प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। भगवान शिव और दानवराज जालंधर के बीच भीषण युद्ध से लेकर वृंदा के श्राप और तुलसी के प्राकट्य तक की कथा ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। श्री रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में वृंदावन से आए बाल कृष्ण रासलीला एवं रामलीला मंडल के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। निर्देशन स्वामी मोहन श्याम भारद्वाज ने किया। मंचन में दिखाया गया कि भगवान शिव के तेज से समुद्र में जालंधर का जन्म हुआ था। वह अत्यंत शक्तिशाली दानव था। उसका विवाह भगवान विष्णु की परम भक्त वृंदा से हुआ था। वृंदा के पतिव्रत धर्म के प्रभाव से जालंधर को विशेष शक्ति और सुरक्षा प्राप्त थी। इसी शक्ति के मद में वह देवताओं पर अत्याचार करने लगा। उसने स्वर्ग पर अधिकार जमाने का प्रयास किया। जालंधर के अत्याचारों से परेशान देवताओं ने सहायता की गुहार लगाई। इसके बाद भगवान शिव और जालंधर के बीच भीषण युद्ध हुआ। उधर, जालंधर की शक्ति समाप्त करने के लिए भगवान विष्णु ने उसकी पत्नी वृंदा की परीक्षा से जुड़ी लीला रची। भगवान विष्णु जालंधर का रूप धारण कर वृंदा के आश्रम पहुंचे। उन्हें अपना पति समझकर वृंदा ने उनका स्वागत किया। इससे जालंधर के पतिव्रत-जनित सुरक्षा कवच का प्रभाव समाप्त हो गया। अंततः भगवान शिव ने जालंधर का वध कर देवताओं को उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई। जब वृंदा को भगवान विष्णु की लीला का सत्य पता चला, तो वह दुखसे व्याकुल हो उठी। उसने भगवान विष्णु को पत्थर बन जाने का श्राप दे दिया। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इसी श्राप के कारण भगवान विष्णु शालिग्राम शिला के रूप में पूजित हुए। वृंदा के शरीर त्यागने के बाद तुलसी का प्राकट्य हुआ। आकाशवाणी के माध्यम से वृंदा को सदा पूजनीय होने का आशीर्वाद मिला।

7 से 16 दिसंबर तक सिय-पिय मिलन महोत्सव

खाकी बाबा के 57वें निर्वाण दिवस पर जुटेगा संतों का महाकुंभ



बक्सर(आससे)। नया बाजार स्थित श्री सीताराम विवाह महोत्सव आश्रम में सिय-पिय मिलन महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। महर्षि श्री खाकी बाबा सरकार के 57वें निर्वाण दिवस और श्रीराम-जानकी के 25वें पाटोत्सव के अवसर पर 7 से 16 दिसंबर तक दस दिवसीय धार्मिक आयोजन होगा। इसमें श्री सीताराम विवाह महोत्सव, विशाल सत्संग समारोह, रामकथा, रामलीला और संकीर्तन सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण बागेश्वर धाम के आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा होगी। वे 13 से 16 दिसंबर तक कथा कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, आचार्य मिथिलेशनंदिनी शरण जी महाराज 07 से 12 दिसंबर तक श्रीराम कथा सुनाएंगे।

आयोजकों के अनुसार, आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा के लिए हवाई अड्डा परिसर में व्यवस्था की जाएगी। जबकि अन्य धार्मिक कार्यक्रम आश्रम परिसर और उसके पीछे स्थित नेत्र अस्पताल के समीप मैदान में होंगे।

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह छह से नौ बजे तक श्रीरामचरितमानस का सामूहिक नवाह पारायण होगा। सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक श्रीकृष्ण लीला का मंचन किया जाएगा। दोपहर में मिथिला पद गायन और आकर्षक झांकियां सजेंगी। शाम को कथा, कीर्तन और प्रवचन होंगे। रात आठ बजे से बारह बजे तक रामलीला का मंचन किया जाएगा। दमोह की संकीर्तन मंडली द्वारा नौ दिवसीय अष्टयाम श्रीहरिनाम संकीर्तन भी होगा। रामलीला में 7 दिसंबर को गौरी-शंकर विवाह लीला से शुरुआत होगी। इसके बाद श्रीराम जन्म, बाल लीला, सीता जन्म, अहल्योद्धार और जनकपुर दर्शन जैसे प्रसंगों का मंचन होगा। 12 दिसंबर को पुष्पवाटिका लीला और धनुष यज्ञ होगा। 13 दिसंबर को मटकोर की रस्म और श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली जाएगी। 14 दिसंबर को रात्रि सात बजे श्रीसीताराम विवाह महोत्सव आयोजित होगा। 15 दिसंबर को श्रीराम कलेवा का कार्यक्रम होगा। सिय-पिय मिलन महोत्सव में देश के कई प्रतिष्ठित संत-महात्मा और कथावाचक शामिल होंगे। इनमें ज्योतिष्पीठाधीश्वर स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, अग्रमलूक पीठाधीश्वर जगद्गुरु राजेंद्र दास जी महाराज, मोरारी बापू, अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महाराज, मैथिली रमण शरण जी महाराज और राघवाचार्य जी महाराज सहित अन्य संतों के नाम शामिल हैं। आश्रम के महंत राजाराम शरण दास जी महाराज ने धर्मप्रेमियों से महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम और माता सीता की भक्तिसे जोड़नेका अवसर प्रदान करेगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, शिवहर
E-mail id- ee.sheohar.bcd1@gmail.com
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–05/2026–27

प्रथम शुद्धि–पत्र 2026–27

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–1000(अनु०) दिनांक– 10.10.2026 के द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–05/2026–27 जिसका पी० आर० सं० 013559(BCD)2026–27 है, जो दैनिक समाचार पत्र –हिन्दुस्तान में दिनांक–16.10.2026 को प्रकाशित हुआ है। जिसमें सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक प्र०–06/द०वि० नियम–03–08/06 (अंश)–7461(S) /पटना, दिनांक–13.10.2026 एवं अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–भवन/12–अभि०प्र० (यो०)–02–विविध–11/2026 9803(भ) पटना, दिनांक–15.10.2026 के आलोक में **परिमाण विपत्र से 10 % (दस) प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धृत रहने वाली निविदाएँ अमान्य मानी जाएगी।** पूर्व में उल्लेखित निविदा के कंडिका–24 में संशोधित किया जाता है, जिसे निम्नरूपेण पढ़ा/समझा जाय है:–

1. परिमाण विपत्र की दर से 0 से 5 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.25 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।
2. परिमाण विपत्र की दर से 5 से 10 प्रतिशत कम उद्धृत दर वाले निविदा के लिए 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति (Additional Performance Guarantee) प्रति 01 प्रतिशत उद्धृत कम दर के लिए अतिरिक्त जमा करना होगा।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, शिवहर

PR. No. 014074 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

शांतिपूर्ण संपन्न हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन



बक्सर (आससे)। जिले भर में शारदीय नवरात्र के समापन पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन अत्यंत ही शालीनता और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। जिला प्रशासन और नगर परिषद की देखरेख में कुल 346 पूजा पंडालों की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। प्रशासनिक पुख्ता व्यवस्था और शहरवासियों के सहयोग से यह पूरा अनुष्ठान शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हुआ।

विसर्जन के दौरान भक्तों में एक अलग ही भावुकता नजर आई। विभिन्न पूजा पंडालों के सदस्य पीले, लाल और गेरुवा वस्त्रों में सजे-धजे नजर आए और नम आंखों के साथ माता रानी को विदाई दी। जिला मुख्यालय स्थित सिपाही घाट पर जिला प्रशासन द्वारा पहले ही कृत्रिम तालाब का निर्माण करा लिया गया था, जहां नगर परिषद की निगरानी में विसर्जन कार्य सुगमता से पूरा हुआ। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के तहत सिपाही घाट के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और रोशनी की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

बक्सर शहर के प्रमुख इलाकों जैसे गोलंबर, सिंडिकेट, बड़ी देवी मंदिर, मेन रोड, ठठेरी बाजार, सब्जी मंडी, सिविल लाइन, पीपी रोड, ज्योति चौक, आंबेडकर चौक, कलेक्ट्रेट, बाजार समिति, पांडेय पट्टी और नई बाजार समेत अन्य स्थानों पर स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन तयशुदा मार्ग और प्रशासनिक नियमों के तहत किया गया।

इसके साथ ही, डुमराव अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पूजा पंडालों की प्रतिमाओं का विसर्जन भी शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए कृत्रिम तालाबों की पहल से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ विसर्जन प्रक्रिया भी बेहद सुगम रही। देर शाम तक चली इस विसर्जन प्रक्रिया के शांतिपूर्ण समापन पर जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली और सभी शहरवासियों का आभार व्यक्त किया।

सड़क हादसे में घायलों को मिलेगा डेढ़ लाख का मुफ्त इलाज



बक्सर (आससे)। सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की जान बचाने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राहत योजना शुरू की है। इसके तहत दुर्घटना पीड़ितों को डेढ़ लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। यह सुविधा अधिकतम सात दिनों तक उपलब्ध होगी। इसके लिए घायल को कोई अग्रिम भुगतान नहीं करना पड़ेगा। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि योजना का उद्देश्य दुर्घटना के बाद के महत्वपूर्ण समय यानी 'गोल्डन आवर' में घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे आर्थिक तंगी के कारण इलाज में होने वाली देरी को रोका जा सकेगा।

जिले में सदर अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल डुमरांव, ब्रह्मपुर, नावानगर, सिमरी, राजपुर, चक्की, इटाढ़ी, चौगाईं और चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा केसठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में यह सुविधा मिलेगी। वहीं, दिव्यालोक चिकित्सा केंद्र और रेनेफोकेयर डायलिसिस प्राइवेट लिमिटेड भी सूची में शामिल हैं।

योजना के तहत घायल की सहायता करने वाले नेक राहगीरों को 25 हजार रुपये तक का पुरस्कार देने का प्रावधान है। अस्पताल में भर्ती के बाद इलाज शुरू किया जाएगा और टीएमएस 2.0 पोर्टल पर ट्रीटमेंट आईडी बनाई जाएगी। इसके बाद पुलिस दुर्घटना और पीड़ित से संबंधित तथ्यों का सत्यापन करेगी।

जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं और 112 नंबर पर सूचना दें। साथ ही हेलमेट, सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें और नशे में वाहन न चलाएं।

डुमरांव में हुई चोरी को लेकर भाकपा-माले ने प्रशासन को दी आंदोलन की चेतावनी

पूर्व विधायक डॉ. अजीत कुशवाहा ने की घटनास्थल की जांच

बक्सर (आससे)। डुमरांव शहर के बीचों-बीच और थाना परिसर से महज कुछ ही दूरी पर स्थित एक मोबाइल दुकान में हुई लाखों की चोरी के मामले में राजनीतिक और सामाजिक सरगर्मी तेज हो गई है। बीते 20 अक्टूबर की आधी रात को विजयादशमी के अवसर पर चोरों ने गीता मोबाइल एवं रिपेयरिंग सेंटर का शटर तोड़कर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित दुकानदार के अनुसार, इस घटना में कई महंगे स्मार्टफोन और नकदी समेत करीब 40 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति की चोरी हुई है।

इस गंभीर घटना के बाद गुरुवार को पूर्व विधायक डॉ. अजीत कुशवाहा के नेतृत्व में भाकपा-माले की एक उच्चस्तरीय टीम ने घटनास्थल का दौरा किया। टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी व चोरी गए सामान की शत-प्रतिशत बरामदगी की पुरजोर मांग की।

इस दौरान नेताओं ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। हाल ही में किसानों की भैंसों की चोरी और नावानगर बाजार की दुकानों में हुई चोरियों के मामलों में भी पुलिस अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है, जो बेहद चिंताजनक है। नेताओं ने सवाल उठाया कि जब मुख्य बाजार और थाने के करीब स्थित दुकानें तक सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा की गारंटी कैसे दी जा सकती है?



भाकपा-माले ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि पुलिस जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार कर संपत्ति बरामद नहीं करती है, तो पार्टी जनता के हक और सुरक्षा के लिए सड़कों पर उतरकर जोरदार आंदोलन करने को बाध्य होगी।

इस जांच टीम और मौके पर मौजूद लोगों में भाकपा-माले के राज्य कमिटी सदस्य धर्मेंद्र सिंह, नगर सचिव कृष्णा राम, माले नेता शंकर तिवारी, सर्वेश पांडेय, सुरेंद्र कुशवाहा और जाबिर कुरैशी सहित कई अन्य कार्यकर्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे।

बिहार सरकार
उप महाप्रबंधक (तकनीकी) का कार्यालय
परियोजना कार्यान्वयन इकाई, समस्तीपुर (एट बख्तियारपुर)
बिहार स्टेट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड
(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
"सभागार" भवन BSRDCL, केन्द्रीय यांत्रिक कर्मशाला परिसर, हवाई अड्डा के निकट, शेखपुरा, पटना–800014
E-mail ID:-dgmpiusamastipur2@gmail.com

पत्रांक:–BSRDCL/PIU-Samastipur/2026-539

सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जन–निजी–भागीदारी अन्तर्गत रा० उ० प० सं०–31 में बख्तियारपुर से रा० उ० प० सं०–28 में ताजपुर को जोड़नेवाली गंगा नदी पर निर्माणाधीन 4–लेन पुल एवं पहुंच पथ परियोजना हेतु बिहार रैयती भूमि लीज नीति 2014 के तहत समस्तीपुर जिलान्तर्गत अंचल–पटोरी के (i) राजस्व थाना नं०–380, राजस्व ग्राम–जोड़पुरा में रकवा–6.0205 एकड़ (ii) राजस्व थाना नं०–354, राजस्व ग्राम–चकभेली नारायण में रकवा 0.19 एकड़ एवं अंचल–मोरवा के (i) राजस्व थाना नं०–117, राजस्व ग्राम–निकसपुर चादर नं०–1 में रकवा 0.09 एकड़, (ii) राजस्व थाना नं०–117, राजस्व ग्राम–निकसपुर चादर नं०–2 में रकवा 0.02 एकड़ (iii) राजस्व थाना नं०–340, राजस्व ग्राम–पचभिण्डा में रकवा 0.05 एकड़ (iv) राजस्व थाना नं०–369, राजस्व ग्राम–इन्द्रवारा में रकवा 0.035 एकड़ (v) राजस्व थाना नं०–351, राजस्व ग्राम–लोदीपुर नारायण में रकवा 0.075 एकड़ की रैयती भूमि चिन्हित की गई है जिसकी विवरणी निम्नवत है:–

क्रम सं०	मौजा का नाम/थाना नं०	अंचल	खाता सं०	खेसरा सं०	खतियानी रकवा (एकड़ में)	निर्माण हेतु कुल रकवा (एकड़ में)	किस्म	रैयत का नाम
1	जोड़पुरा, राजस्व थाना नं०–380	पटोरी	236	1514	0.90	0.741	परती कदीम	अलकेश चौधरी पे० स्व० सहदेव चौधरी, नि० निज ग्राम।
2			232	1513	1.84	1.0975	परती कदीम	अरविन्द चौधरी पे० स्व० हरिलाल चौधरी, नि० निज ग्राम।
3			198	1874		0.372	धनहर	कुशेश्वर राय पे० स्व० फेकु राय, नि० निज ग्राम।
4			206	1869		0.20	मकान	कुशेश्वर राय पे० स्व० फेकु राय, नि० निज ग्राम।
5			362	1856	4.50	1.80	परती कदीम	ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे० स्व० अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे० स्व० नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे० योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम।
6	जोड़पुरा, राजस्व थाना नं०–380	पटोरी	173	1856/2219	3.780	1.415	परती कदीम	ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे० स्व० अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे० स्व० नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे० योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम।
7			173	1858	1.78	0.395	परती कदीम	ब्रजेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो सत्येन्द्र कुमार त्रिवेदी पे० स्व० अमरनाथ त्रिवेदी वो भाष्कर त्रिवेदी वो रवि त्रिवेदी पे० स्व० नरेन्द्र नारायण त्रिवेदी वो रघुनाथ तिवारी वो यदुनाथ तिवारी पे० योगेन्द्र तिवारी वो नुतन देवी वो नितु देवी वो रौशन कुमार नि० निज ग्राम।
8	चकभेली नारायण, राजस्व थाना नं०–354		36	622	0.40	0.19	धनहर	सिताबलाल राय पे० स्व० देवन राय, नि० निज ग्राम।
9	निकसपुर चादर नं०–1, राजस्व थाना नं०–117	मोरवा		1132	0.02	0.02	भीठ	राम सुरेश शर्मा वो राम शोभित शर्मा पिता आनन्दी ठाकुर, नि० निज ग्राम।
10			142	2266		0.07	भीठ	नन्द कुमार ठाकुर पे० महेन्द्र ठाकुर, नि० निज ग्राम।
11	निकसपुर चादर नं०–2, राजस्व थाना नं०–117		347	2670		0.02	भीठ	माल्हो देवी पति स्व० देवेन्द्र राय, नि० निज ग्राम।
12	पचभिण्डा, राजस्व थाना नं०–340			1206		0.05		उर्मिला देवी पति स्व० बासुदेव सिंह, नि० निज ग्राम।
13	इन्द्रवारा, राजस्व थाना नं०–369			1951		0.035		मखन राय पिता स्व० रघुनी राय, नि० निज ग्राम।
14	लेदीपुर नारायण, राजस्व थाना नं०–351			356		0.075		असर्फी राय वो जेबरी देवी, नि० निज ग्राम।

उपरोक्त विवरणी के कॉलम में अंकित रैयतों से अनुरोध है कि इस सूचना के प्रकाशन होने के तिथि से सात दिनों के अन्दर बिहार रैयती भूमि लीज नीति–2014 के प्रावधानान्तर्गत सतत लीज पर भूमि प्रदान करने एवं मुआवजा प्राप्त करने की सहमति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को समर्पित किया जाय। यह सूचना हितबद्ध व्यक्ति के लिए जारी की जाती है जिनका इससे संबंध हो। अगर किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूमि के संबंध में कोई दावा/आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अन्दर अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप से साक्ष्यों के साथ उप महाप्रबंधक (तक०), बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, परियोजना कार्यान्वयन इकाई, समस्तीपुर(एट बख्तियारपुर) के कार्यालय में समर्पित करें।

उप महाप्रबंधक (तक०)
परियोजना कार्यान्वयन इकाई,
समस्तीपुर (एट बख्तियारपुर)

PR. No. 014056 (B&C) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

अपने जीवन साथी के प्रति वफादार रहें,
किसी अनजान स्त्री/पुरुष से असुरक्षित यौन संबंध से बचें।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **संजय पुत्रः स्व. सोनेलाल साहनी पताः वार्ड 5 हरलोचनपुर थानाः सरायरंजन, समस्तीपुर, बिहार इसके अलावाः पी ब्लॉक 258, तीसरा रघुवीर नगर दिल्ली FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **संजय** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 258/26 U/s 64(2)(M)/65(1)/49/70(2)/137(2)/3(S) BNS & 05117 & 06/17 Pocso Act थानाः ख्याला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संजय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित गुलिया
एएसजे–01 (पश्चिम) पीओसीएसओ (एफटीएससी) कमरा नंबर 21
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14960/WD/2026
(Court Matter)